# मराल ओवरसीज़ लिमिटेड

सीआईएन: L17124MP1989PLC008255
**पंजीकृत कार्यालय:** मराल सरोवर, ग्राम एवं पोस्ट खलबुर्जुग, तहसील कसरावाद, जिला खरगोन – 451 660, (मध्य प्रदेश)
फोन: +91-7285-265401-265404, 265417
**कॉर्पोरेट कार्यालय** : भीलवाड़ा टॉवर्स, ए–12 सेक्टर–1, नोएडा – 201 301, (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र–दिल्ली)
फोन: +91-120-4390300, 4390000 (EPABX)
ईमेल: maral.investor@lnjbhilwara.com; वेबसाइट: www.maraloverseas.com

PROUD TO BE INDIAN
PRIVILEGED TO BE GLOBAL

## वार्षिक आम बैठक (36वीं एजीएम), रिमोट ई–वोटिंग की सूचना

1 अगस्त, 2025 को जारी किए गए हमारे अखबार के विज्ञापन के क्रम में, एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि मराल ओवरसीज़ लिमिटेड **("कम्पनी")** के सदस्यों का **36वीं एजीएम शुक्रवार, 29 अगस्त, 2025 को अपराह्न 2:00 बजे**, कम्पनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों, उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों, सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएँ और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015, के साथ पठित कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय या सेबी द्वारा इस संबंध में जारी परिपत्र(ओं) के अनुपालन में, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग / अन्य ऑडियो विजुअल साधनों **("वीसी / ओएवीएम")** के माध्यम से, एजीएम स्थल पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना, 36वीं एजीएम की सूचना में निर्दिष्ट सामान्य एवं विशेष व्यवसायों के सम्पादन हेतु आयोजित किया जाएगा। वार्षिक आम बैठक का स्थान कम्पनी का पंजीकृत कार्यालय माना जाएगा।

36वीं एजीएम की सूचना एवं वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु कम्पनी की वार्षिक रिपोर्ट, **बुधवार, 6 अगस्त, 2025** को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से कम्पनी के उन सदस्यों को प्रेषित कर दी गई हैं, जिनके पास **शुक्रवार, 1 अगस्त, 2025** तक शेयर प्रतिरक्षित हों तथा जिनके ईमेल पते कम्पनी / डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के साथ पंजीकृत हैं। इसके अतिरिक्त, उन शेयरधारकों, जिनका ईमेल पता कम्पनी / डीपी के पास पंजीकृत नहीं है, को 36वीं एजीएम की सूचना एवं वार्षिक रिपोर्ट के सटीक पथ सहित वेब–लिंक प्रदान करने वाला एक पत्र भेजा जा रहा है। इसके अतिरिक्त, वार्षिक रिपोर्ट की भौतिक प्रति उन सदस्यों को प्रदान की जाएगी जो इसके लिए maral.investor@lnjbhilwara.com पर अनुरोध करेंगे।

ई–वोटिंग की कट–ऑफ तारीख अर्थात् शुक्रवार, 22 अगस्त, 2025 को भौतिक रूप में या डीमैट रूप में शेयर प्रतिरक्षित करने वाले सदस्य, नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड ("एनएसडीएल") द्वारा प्रदान की गई इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग प्रणाली ("रिमोट ई–वोटिंग") के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट डाल सकते हैं। सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि:–

i) 36वीं एजीएम की सूचना में निर्धारित साधारण एवं विशेष व्यवसायों का सम्पादन इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान द्वारा किया जाएगा;

ii) रिमोट ई–वोटिंग **मंगलवार, 26 अगस्त, 2025 को 9:00 बजे पूर्वाह्न (आईएसटी) आरम्भ** होगी; तथा **बृहस्पतिवार, 28 अगस्त, 2025 को 5:00 बजे अपराह्न (आईएसटी)** समाप्त होगी;

iii) ई–वोटिंग अथवा 36वीं एजीएम के दौरान ई–वोटिंग प्रणाली के माध्यम से मतदान करने की पात्रता निर्धारित करने हेतु **कट–ऑफ तिथि शुक्रवार, 22 अगस्त, 2025** है;

iv) कोई भी व्यक्ति, जो कम्पनी के शेयर खरीदता है और कम्पनी द्वारा ईमेल के माध्यम से 36वीं एजीएम की सूचना भेजे जाने के बाद कम्पनी का सदस्य बनता है एवं 22 अगस्त, 2025 ("कट–ऑफ तारीख") तक शेयर प्रतिरक्षित रखता है, वह evoting@nsdl.co.in पर एनएसडीएल को या कम्पनी के ईमेल पते maral.investor@lnjbhilwara.com पर अनुरोध भेजकर यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। हालांकि, यदि कोई व्यक्ति पहले से ही रिमोट ई–वोटिंग हेतु एनएसडीएल के साथ पंजीकृत है तो वोट डालने के लिए मौजूदा यूजर आईडी और पासवर्ड का इस्तेमाल किया जा सकता है;

v) **सदस्य कृपया ध्यान दें कि: क)** मतदान हेतु उपर्युक्त तिथि एवं समय के उपरान्त रिमोट ई–वोटिंग मॉड्यूल निष्क्रिय कर दिया जाएगा तथा एक बार सदस्य द्वारा प्रस्ताव पर वोट डाल दिए जाने के पश्चात्, सदस्य को बाद में इसे बदलने की अनुमति नहीं दी जाएगी; **ख)** जिन सदस्यों ने 36वीं एजीएम की तिथि से पूर्व रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अपना वोट डाला हो, वे वीसी / ओएवीएम सुविधा के माध्यम से 36वीं एजीएम में भाग ले सकते हैं, परन्तु 36वीं एजीएम के दौरान ई–वोटिंग प्रणाली के माध्यम से पुनः अपना वोट डालने हेतु अधिकृत नहीं होंगे; **ग)** 36वीं एजीएम में भाग लेने वाले सदस्य, जिन्होंने रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अपना वोट नहीं डाला हो, वे 36वीं एजीएम के दौरान ई–वोटिंग प्रणाली के माध्यम से अपना वोट डालने हेतु अधिकृत होंगे; एवं **(घ)** वह व्यक्ति जिसका नाम ई–वोटिंग हेतु कट–ऑफ तिथि को सदस्यों के रजिस्टर या डिपॉजिटरी द्वारा अनुरक्षित लाभभोगी स्वामियों के रजिस्टर में दर्ज हो, वह रिमोट ई–वोटिंग की सुविधा का लाभ उठाने, वीसी / ओएवीएम सुविधा के माध्यम से 36वीं एजीएम में भाग लेने तथा 36वीं एजीएम के दौरान ई–वोटिंग करने हेतु अधिकृत होगा।

vi) 36वीं एजीएम की सूचना एवं कम्पनी की वार्षिक रिपोर्ट कम्पनी की वेबसाइट www.maraloverseas.com, स्टॉक एक्सचेंजों अर्थात् बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com एवं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.nseindia.com पर तथा एनएसडीएल (एजीएम के दौरान रिमोट ई–वोटिंग और ई–वोटिंग सुविधा प्रदान करने वाली एजेंसी) की वेबसाइट अर्थात् www.evoting.nsdl.com पर भी उपलब्ध है।

vii) किसी भी प्रश्न के मामले में, सदस्य www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड अनुभाग में उपलब्ध शेयरधारकों हेतु फ्रीक्वेंटली आस्कड क्वेश्चन (FAQ) एवं शेयरधारकों हेतु ई–वोटिंग यूजर मैन्युअल देख सकते हैं या टोल फ्री नंबर: 022–4886 7000 पर कॉल कर सकते हैं या evoting@nsdl.co.in पर अनुरोध भेज सकते हैं। रिमोट ई–वोटिंग या ई–वोटिंग की सुविधा से जुड़ी किसी भी शिकायत के मामले में, कृपया सुश्री पल्लवी म्हात्रे, वरिष्ठ प्रबंधक, एनएसडीएल से तृतीय तल, नमन चैंबर, प्लॉट सी–32, जी–ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा पूर्व, मुंबई, महाराष्ट्र – 400 051 एवं निर्दिष्ट ईमेल आईडी: evoting@nsdl.co.in पर संपर्क करें।

viii) जिन सदस्यों ने अभी तक अपने ईमेल पते पंजीकृत नहीं कराए हैं, उनसे अनुरोध है कि वे नीचे दी गई प्रक्रिया का पालन करके अपने ईमेल पते पंजीकृत करा लें:

क. भौतिक रूप शेयर प्रतिरक्षित करने वाले सदस्यों हेतु, कृपया फॉर्म ISR-1 में हस्ताक्षरित अनुरोध पत्र की स्कैन कॉपी, जिसमें आपका फोलियो नंबर, शेयरधारक का नाम, शेयर प्रमाणपत्र की प्रति (सामने और पीछे), पूरा पता, पंजीकृत किए जाने वाले ईमेल पते के साथ–साथ पैन की स्कैन की गई स्व–सत्यापित प्रति का उल्लेख हो, एमसीएस शेयर ट्रांसफर एजेंट लिमिटेड ("आरटीए") को 179–180, डीएसआईडीसी शेड, तृतीय तल, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, फेज–1, नई दिल्ली–110020 पर भेजें।

ख. डीमैट रूप में शेयर प्रतिरक्षित करने वाले सदस्यों हेतु, कृपया अपने संबंधित डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के माध्यम से अपना ईमेल पता अद्यतनित करें।

उपरोक्त जानकारी कम्पनी के सभी सदस्यों की जानकारी और लाभ हेतु जारी की जा रही है एवं यह एमसीए परिपत्रों तथा सेबी परिपत्रों के अनुपालन में है।

**बोर्ड के आदेशानुसार**
**कृते मराल ओवरसीज़ लिमिटेड**
**हस्ता / –**
**संदीप सिंह**
**कम्पनी सचिव व अनुपालन अधिकारी**
**एफसीएस – 9877**

**स्थान : नोएडा (उ.प्र.)**
**दिनांक : 6 अगस्त, 2025**